**भारत सरकार**

**नागर विमानन मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या : 2404**

**सोमवार, 10 अगस्त, 2026 (19 श्रावण 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर**

## कालीकट अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन का विकास

**2404. श्री पी.पी. सुनीर:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कालीकट अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन के रनवे तथा सुरक्षा क्षेत्र विकास हेतु भूमि अधिग्रहण की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) क्या सरकार कालीकट अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन से आने-जाने वाली विमान सेवाओं में वृद्धि हेतु विमान एप्रन/पार्किंग स्थल के विकास पर विचार करेगी?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) और (ख): कालीकट अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर रनवे एंड सेफ्टी एरिया (आरईएसए) के विकास के लिए अपेक्षित भूमि राज्य सरकार द्वारा अधिग्रहित की गयी थी और अक्टूबर 2023 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सौंप दी गयी थी।

हवाईअड्डों का विस्तार और आधुनिकीकरण यात्री मांग, परिचालन संबंधी अपेक्षाओं और एयरलाइन मांग के आधार पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) एवं अन्य हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा किया जाता है। इस प्रकार के विकास कार्य हवाईअड्डों पर भूमि की उपलब्धता, वित्तीय व्यवहार्यता और परिचालनात्मक विमर्शों के अध्यधीन चरणों में पूरे किए जाते हैं।

******